# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक–1173 / FP/UK/SCH/40755/2019 :देहरादूनःदिनांकः 17 अक्टूबर, 2020.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
देहरादून वन प्रभाग,
देहरादून।

**विषय– देहरादून वन प्रभाग के अन्तर्गत ऋषिकेश के आई0डी0पी0एल0 (वीरभद्र) परिसर कक्ष संख्या–1 में पूर्व से चल रहे केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु 2.41 हे0 वन भूमि का नवीनीकरण के प्रस्ताव के सम्बन्ध में। (Online Proposal No. FP/UK/SCH/40755/2019)**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण का प्रस्ताव इस कार्यालय को ऑन–लाईन/ऑफ–लाईन वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत भारत सरकार की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु उपलब्ध कराया गया है। प्रश्नगत भूमि आई0डी0पी0एल0 (वीरभद्र) को लीज पर दी गयी है। आप अवगत हैं कि लीज पर दी गयी भूमि का उपयोग कथित प्रयोजन के अतिरिक्त अन्य प्रयोजन हेतु किये जाने से पूर्व राज्य सरकार/भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पूर्वानुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। कृपया स्पष्ट करें कि आई0डी0पी0एल0 (वीरभद्र) को लीज पर दी गयी वन भूमि में किस शासनादेश के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण की अनुमति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में सुसंगत अभिलेखों सहित अपनी आख्या शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

संख्या :– 1173 / FP/UK/SCH/40755/2019 दिनांकित।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, देहरादून।
2. प्राचार्या, केन्द्रीय विद्यालय, ऋषिकेश।

17/10/20

डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

O/C